पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
POWER FINANCE CORPORATION LTD.
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
(आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित) (ISO 9001:2015 Certified)

प्रेस विज्ञप्ति

10 दिसंबर, 2021

पीएफसी ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए भारत सरकार को 369.57 करोड़ रुपए के दूसरे अंतरिम लाभांश का भुगतान किया

नई दिल्ली: पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन, अनुसूची क - एक महारत्न सीपीएसई और विद्युत क्षेत्र के लिए भारत की अग्रणी एनबीएफसी, ने भारत सरकार को 369.57 करोड़ रुपए और अन्य शेयरधारकों को 290.45 करोड़ रुपए का भुगतान किया है, जो वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए 10 दिसंबर, 2021 को दूसरे अंतरिम लाभांश के रूप में कुल 660.02 करोड़ रुपए है।

निदेशक मंडल द्वारा 11 नवंबर, 2021 को आयोजित अपनी बैठक में वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए 25% की दर से अर्थात 10 रुपए अंकित मूल्य पर 2.50 रुपए प्रति इक्विटी शेयर पर दूसरे अंतरिम लाभांश की घोषणा की तथा यह 10 सितंबर 2021 को भारत सरकार को भुगतान किए गए 332.61 करोड़ रुपए और अन्य शेयरधारकों को भुगतान किए गए 261.4 करोड़ रुपए अर्थात कुल 594.01 करोड़ रुपए के पहले अंतरिम लाभांश के अतिरिक्त है जिसे 22.5% अर्थात 10 रुपए के अंकित मूल्य पर 2.25 रुपए प्रति इक्विटी शेयर की दर से प्रदान किया गया।

इसके साथ वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए पीएफसी ने अब तक अपने शेयरधारकों को 1254.03 करोड़ रुपए @ 47.5% अर्थात 10 रुपए के अंकित मूल्य पर 4.75 रुपए प्रति इक्विटी शेयर पर अंतरिम लाभांश का भुगतान किया है।

ह/-

(एस.एस.राव)

मुख्य महाप्रबंधक (पीआर)